हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर केंद्रित होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



12 नेशनल हाइवे पर अवैध स्टॉप, हादसों को खुला निमंत्रण, कार्रवाई करने वाला कोई नहीं






## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने जुड्डी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर बीते 16 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने जुड्डी निवासी महाबीर, अमित और प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई थी। कैंटर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने 26 मई को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में राजस्थान के गोकलपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे।

*जलभराव से लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी, ज्यादा बारिश होने पर बिगड़ जाएंगे शहर के हालात*

# हल्की बारिश से ही शहर हुआ बदहाल मानसून में पानी निकासी रहेगी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून के जून माह के दूसरे पखवाड़े तक सक्रिय होने की संभावना है। अधिकारियों की बैठक में मानसून के दौरान बरसाती पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के आदेश दिए जा चुके हैं, लेकिन जमीन हकीकत इससे काफी दूर नजर आ रही है। गत वीरवार देर सायं हुई हल्की बारिश ने ही इस बात के संकेत दे दिए कि अगर भारी बारिश होती है, तो शहर के लोगों के लिए आफत खड़ी हो जाएगी। प्री-मानसून बारिश के बाद शहर में जगह-जगह जलभराव और कीचड़ ने लोगों को बुरी तरह परेशान कर दिया। शहर में मानसून के दौरान बरसाती पानी की समुचित निकासी व्यवस्था का अभाव लगभग हर साल शहर के लोगों को परेशान करता है। पानी निकासी के प्रबंधों के नाम पर हर साल करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जाती है। बारिश का दौर शुरू होता है, लोगों को जलभराव की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। नौतपा के चौथे दिन तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने ही लोगों को बेहाल कर दिया। शहर के कई इलाकों में बरसाती पानी एकत्रित हो गया, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शहर के रेलवे रोड बाजार पर सड़क निर्माण कार्य के चलते नाले अवरुद्ध होने से पानी एकत्रित हो गया, जिससे लोगों को सड़क से निकलना भी मुश्किल बना रहा। दुकानदारों को अपनी दुकानों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बावल रोड पर काफी दूर तक बरसाती पानी का भराव बना रहा। शहर के अन्य इलाकों में भी ऐसे ही हालात बने रहे, जिससे लोग प्रशासन को कोसते नजर आए। रेलवे रोड का निर्माण कार्य दो माह से अधर में पड़ा हुआ है। समाधान शिविर में इसके निर्माण की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन नतीजा अभी तक शून्य ही रहा है।

### गाद और कूड़े से भरे हुए हैं नाले

बरसाती पानी निकासी के लिए बनाए गए नाले इस समय गाद और कूड़े से भरे हुए हैं। इन नालों की नियमित सफाई नहीं होने से बारिश होते ही पानी सड़कों और निचले इलाकों में एकत्रित हो जाता है। कुछ स्थानों पर नालों की सफाई का कार्य शुरू तो करा दिया गया है, लेकिन इसे पूरा होने में अभी काफी समय लग सकता है। इस दौरान अगर और बारिश होती है, तो लोगों के लिए शहर की सड़कों से निकलना तक मुश्किल हो जाएगा।



रेवाड़ी। बरसाती पानी और कीचड़ से गुजरते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बारिश के बाद रेलवे रोड पर एकत्रित पानी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बावल रोड पर काफी दूर तक एकत्रित बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### नालों की सफाई में भी होगी देरी

नगर परिषद के चेयरमैन और पार्षदों का शपथ ग्रहण अभी नहीं हो सका है, जिस कारण विकासकार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। पानी निकासी के नालों की सफाई करने का ठेका भी देरी से छोड़ा गया है। इन नालों की सफाई के लिए लगभग 140 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, परंतु इस कार्य में देरी हो चुकी है। मानसून जून माह के दूसरे पखवाड़े में दस्तक दे सकता है। इतनी कम अवधि में नालों की सफाई होना मुश्किल नजर आ रहा है। जब तक नालों की सफाई होगी, शहर के लोग मुश्किलों में फंसते नजर आएंगे।

### पानी सूखने के बाद कीचड़ का दंश

प्री-मानसून बारिश का पानी एकत्रित होने के बाद एक बार तेज धूप निकलते ही सूखना शुरू हो गया। जमीन प्यासी होने के कारण अभी पानी को जल्द सोख रही है। पानी सोखने के बाद कीचड़ से शहर के लोगों को भारी परेशानी हुई। दुपहिया वाहन चालकों के लिए सड़कों से निकलना भी मुश्किल बन गया। बावल रोड पर तो काफी दूर तक पानी एकत्रित रहा, जिससे हादसों तक की आशंका बनी रही। इस रोड पर बरसाती पानी के कारण पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं।

### तेजी से करवाया जा रहा सफाई कार्य



शहर के सभी नालों की सफाई का ठेका बीते 26 मई को छोड़ा जा चुका है। मानसून से पहले नाले साफ कराने के निर्देश दिए गए हैं। मानसून से पहले अधिकांश नालों को साफ करा दिया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार का हिदायत जा चुकी है।

-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन, नप।

# पुलिस ने पीओ गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था

सीआईए कोसली की टीम ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। वह पीओ घोषित होने के बाद पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी सुरज उर्फ काला वर्ष 2021 में थाना शहर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिस पर माननीय अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। इस मामले में सीआईए कोसली पुलिस टीम ने आरोपी सुरज उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# फरार चल रहा बेल जंपर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** कोर्ट से जमानत मिलने के बाद धोखाधड़ी के मामले में फरार हुए एक बेल जंपर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने नकली शराब बनाने के मामले में झज्जर के तुंबाहेड़ी निवासी विकास को गिरफ्तार किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत मिल गई थी। केस के चलते आरोपी जमानत के बाद तारीखों पर नहीं पहुंचा, तो कोर्ट ने उसे बेल जंपर करार दे दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। पुलिस ने आरोपी विकास के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेजने के आदेश जारी हुए। बाद में उसे एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।



रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

# जिला सचिवालय में पेड़ टूटकर गिरा, बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार सायं तेज आंधी आने के बाद जिला सचिवालय में एक भारी भरकम पेड़ टूटकर जमीन पर गिर गया। शाम के समय सचिवालय में कोई व्यक्ति नहीं होने के कारण हादसा टल गया। सचिवालय परिसर में कई पेड़ काफी पुराने हो चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए इन पेड़ों को काटा भी नहीं जा सकता। एक पेड़ आंधी आने के बाद टूटकर जमीन पर गिर गया, लेकिन आसपास कोई नहीं होने के कारण हादसा टल गया। शुक्रवार को पेड़ को काटकर हटाया गया।



रेवाड़ी। आंधी के कारण जिला सचिवालय में टूटकर गिरा पेड़।

# 'जाने सच्ची खुशियों का पासवर्ड' कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशियों का संदेश देने वाले विशेष कार्यक्रम जाने सच्ची खुशियों का पासवर्ड का आयोजन 31 मई को सुबह 7 बजे पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि कार्यक्रम में सीए संस्था जिला रेवाड़ी के चेयरमैन नितिन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल मांढैया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं मानसिक प्रसन्नता को ध्यान में रखते हुए विशेष लाफ्टर थैरेपी भी कराई जाएगी, जो ब्लड प्रेशर, शुगर और डिप्रेशन जैसी समस्याओं में लाभकारी मानी जाती है।





# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style

# किआरा 'किसी से हाय-हेलो मत करना'



एक्टर यश और किआरा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में किआरा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' किआरा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' किआरा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए



वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।

# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगीं। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून। भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉंटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉंटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### एसएनआईसी कैंप में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज की छात्राओं ने नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रबंधन ने छात्राओं को बधाई दी है। महाविद्यालय की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट अल्पना यादव के नेतृत्व में कैडेट नेहा यादव एवं कैडेट प्राची ने 14 से 25 मई तक श्रीनगर में आयोजित इस राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया। इस कैंप में देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, नृत्य-गीत तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कैंप का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था।

### महिला दौना-पत्तल बनाकर बनी आत्मनिर्भर

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित जिला रेवाड़ी के गांव नांगल उगरा के लड्डू गोपाल महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर एक प्रेरणादायक कदम बढ़ाया है। इस समूह में कुल 10 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जिनमें से 5 सदस्यों ने समूह से जुड़कर दौना-पत्तल निर्माण कार्य शुरू किया और अपनी स्वयं की आजीविका स्थापित की। आज ये महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं।

### दूसरे दिन भी इंद्रदेवता की बनी रही मेहरबानी, कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी

# झमाझम बारिश के बाद 10 डिग्री तक गिरा पारा, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नौतपा के पहले चार दिनों में लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर करने वाली गर्मी वीरवार शाम हुई बारिश के बाद गायब हो गई। पांचवें दिन नोतपा में ही मौसम सावन जैसा सुहाना हो गया। दूसरे दिन भी इंद्रदेवता की मेहरबानी बनी रही। कुछ इलाकों में हल्की, तो कुछ इलाकों में मध्यम बारिश हुई। अभी दो दिन तक मौसम इसी तरह बना रहने की संभावना जताई जा रही है। कई इलाकों में अच्छी बारिश भी हुई। गत वर्ष की तरह इस साल भी नौतपा की तपिश पूरे 9 दिन तक बरकरार नहीं पाई। बीते वीरवार को अधिकतम तापमान 46.0 डिग्री पर पहुंचने के बाद आंधी के साथ हुई बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया। शुक्रवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाने के बाद आसमान साफ हो गया। अधिकतम तापमान 9.5 डिग्री की गिरावट के साथ 36.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी 5.5 डिग्री की कमी के साथ 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 58 प्रतिशत तक आ गया, जबकि हवाओं की रफ्तार 18 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दोपहर बाद आसमान में एक बार फिर से आंशिक बादल छाने शुरू हो गए। शाम के समय कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश के बाद कई दिनों से लू के भारी प्रकोप का सामना कर रहे लोगों को काफी राहत मिली है। फिलहाल मौसम में बदलाव से सावन जैसा मौसम बन गया है। दिन भर लोगों को ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने का मौका मिला। कूलर और एसी की जगह पंखों से काम चल गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आंधी या तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।इस दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। दूसरी ओर एक बार फिर बारिश होने से शहर में जलभराव की स्थिति बन गई। ज्यादा बारिश होने पर हालात बिगड़ सकते हैं। खपत में 20 लाख यूनिट की कमी भारी गर्मी के चलते बिजली की दैनिक खपत बीते बुधवार को आधी रात तक 1.04 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई थी। इस सीजन में यह एक दिन में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति रही। लोड बढ़ने के कारण भारी गर्मी में ट्रासंफर भी गर्म हो रहे थे, जिन्हें बचाने के लिए निगम कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी।




रेवाड़ी। आंधी के बाद सड़क पर टूटकर गिरा पेड़। व बारिश के बाद सड़क पर एकत्रित पानी। फोटो : हरिभूमि

#### आंधी से दर्जनों पेड़ और पोल गिरे

वीरवार देर सायं आई तेज आंधी के कारण बिजली के 60 से अधिक पोल टूट गए। लगभग 2 दर्जन पेड़ भी गिर गए। महेंद्रगढ़ और कुंड-डहीना रोड पर कई पेड़ गिर गए। इस दौरान एक पेड़ गाड़ी पर गिर गया, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ गिरने से सड़क यातायात भी कुछ देर के लिए बाधित बना रहा। बिजली के पोल गिरने से कई गांवों में रात के समय अंधेरा छाया रहा। निगम कर्मचारी देर रात तक बिजली व्यवस्था सुचारू करने में लगे रहे। शुक्रवार को भी कई फीडरों की बिजली बाधित रही।

#### बाजरा उत्पादक किसान हुए खुश मौसम में बदलाव और बारिश शुरू

होने से बाजरे की बिजाई करने वाले किसान खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि बाजरे की बिजाई जून के दूसरे पखवाड़े में शुरू होती हे, लेकिन नौतपा में अच्छी बारिश के बाद भी किसान अगेती बिजाई शुरू कर देते हैं। दो दिन तक बारिश का अनुमान होने के कारण किसानों ने बिजाई की तैयारी शुरू कर दी है। औसत 20 एमएम तक बारिश होने के बाद किसान बिजाई कर सकते हैं।



रेवाड़ी। एनीमिया को लेकर बैठक में निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

# 30 जून तक मनाया जाएगा एनीमिया उन्मूलन माह: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं कन्वर्जेंस समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एनीमिया मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिले में 1 से 30 जून तक विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान गांवों और शहरों में कैंप लगाकर लोगों के खून की जांच की जाएगी। इस अभियान में टी-4 मॉडल यानी टेस्ट, टॉक, ट्रीटमेंट और ट्रैकिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि एनीमिया एक गंभीर जन स्वास्थ्य समस्या है, विशेषकर महिलाओं, गर्भवती माताओं, किशोरियों एवं बच्चों में इसकी उच्च दर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ब्लॉक स्तर की माइक्रो प्लानिंग निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाए तथा आयरन फोलिक एसिड दवाओं एवं एचबी जांच उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव, स्कूल या आंगनवाड़ी क्षेत्र को अभियान से वंचित नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर जागरूकता अभियान चलाया जाए ।

#### लगेंगे जांच शिविर

नोडल अधिकारी डा. ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभियान टी-4 मॉडल- टेस्ट, ट्रीट, टॉक एवं ट्रैक के आधार पर संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में 76 हजार से अधिक लाभार्थियों की हीमोग्लोबिन जांच, उपचार, पोषण परामर्श एवं नियमित फॉलोअप किया जाएगा। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा सामुदायिक स्थलों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

# खुर्शीद नगर में दो पक्षों में मारपीट एक दर्जन से अधिक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

उपमंडल के खुर्शीद नगर गांव में दो पक्षों ने भूमि के विवाद को लेकर एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट करने व भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाना में मामला दर्ज कराया है।

एक पक्ष के भूप सिंह ने पुलिस को दी सूचना में कहा है कि उनकी साझे की खेती की जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। 25 मई को सुबह उन्हें सूचना मिली कि एक गाड़ी व दो ट्रैक्टरों में आए कुछ लोग दो ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई कर रहे हैं। वह स्वयं तथा उनकी पत्नी सत्यवती खेत में पहुंचे। वहां चंद्रदीप, विरेन्द्र सिह, विरेन्द्र की पत्नी कश्मीरो, अरुण की पत्नी व देव प्रकाश की पत्नी सहित अन्य लोग दो लाल रंग के ट्रैक्टरों से अवैध कब्जे की नीयत से उनकी जमीन में घुसकर जुताई कर रहे थे। एक ट्रैक्टर को अरुण प्रकाश व दूसरे को अजय चला रहा था। उन्हें रोकने की कोशिश करने पर विरेन्द्र सिह, ओमबीर सोमबीर, सतबीर, विरेन्द्र की पत्नी कश्मीरो अरुण की पत्नी व देव प्रकाश की पत्नी व अन्य बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। विरेन्द्र सिंह ने जान से मारने की धमकी दी। डायल 112 पर सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उनके भतीजे बलवान व उनकी पत्नी सत्यवती के साथ विरेन्द्र सिंह, औमबीर, राजू, जयप्रकाश उर्फ कालिया व देव प्रकाश की पत्नी ने दोबारा भी मारपीट की। शिकायतकर्ता के अनुसार विरेन्द्र सिंह कोर्ट से कब्जा लेने की बजाय जबरन उनके हिस्से की जमीन हड़पना चाहता है। पुलिस ने मौके की जांच के बाद तीन महिलाओं सहित आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

#### दूसरे पक्ष के लोगों ने भी दर्ज कराया केस

दूसरे पक्ष के विरेन्द्र सिंह ने विरोधी पक्ष के भूप सिंह, सत्यवती, नंदकुमार, बलवान व प्रेम सिंह पर अपने खेत को जोतते समय उन पर, उनके भतीजे अरुण प्रकाश व उसकी पत्नी आशा के साथ गाली गलोज कर खेत से बाहर निकलने की कहते हुए उन पर हमला कर दिया जिससे उन्हें व आशा को गंभीर चोंटे आई। रेवाड़ी अस्पताल में उपचार के बाद उन्होंने नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस ने विरेंद्र सिंह की शिकायत पर पांच आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# तेरह साल सेवा के उपरांत पटवारी ज्ञान सिंह सेवानिवृत्त




रेवाड़ी। तहसील में कार्यरत पटवारी ज्ञान सिंह 13 वर्षों की सफल, निष्कलंक एवं सराहनीय सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में पटवार भवन में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा साथियों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की ओर से जिला प्रधान बलजीत यादव, जिला सचिव रणबीर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, ऑफिस कानूनगो राकेश कुमार, नायब सदर कानूनगो सतबीर सिंह तथा नायब तहसीलदार अशोक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने ज्ञान सिंह की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं विभाग के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनकी कार्यशैली विभाग के कर्मचारियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। सुखमय जीवन की कामना की समारोह में उपस्थित पटवारियों, कानूनगों एवं नवनियुक्त पटवारियों ने भी ज्ञान सिंह को सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं खुशहाल जीवन की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण भावुक एवं सौहार्दपूर्ण रहा तथा सभी साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# डॉ. गुप्ता के नेतृत्व में संगठन होगा मजबूत: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेशभर के व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और व्यापारियों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे संगठन और प्रदेश के लिए सकारात्मक निर्णय बताया।

राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता ने डॉ. अर्चना गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेश विकास और जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. गुप्ता का अनुभव और कार्यशैली संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। संघ के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सतराज जून ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक अनुभवी, कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं। उनकी नियुक्ति से प्रदेश के व्यापारियों, उद्योग जगत और आम जनता की उम्मीदों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि व्यापारियों की समस्याओं, बाजारों के विकास, व्यापारिक सुरक्षा और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह लोग रहे कार्यक्रम में मौजूद इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन लाल, प्रदेश महासचिव भानु प्रताप, प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित लोहिया, प्रदेश सचिव बाल भगवान शास्त्री, जिला अध्यक्ष दादरी मोती लाल बिंदल, भाजपा जिला अध्यक्ष किरण कलकल, बबीता फोगाट सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संगठन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# प्रदेश में समान रूप से विकास करा रही भाजपा सरकार: यादव



नांगल मूंदी। कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार हर हिस्से में समान रूप से विकास करा रही है। विकास के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। अधिकारियों को चाहिए कि वह विकासकार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। इसमें कोताही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अनिल यादव शुक्रवार को नांगल मूंदी में विकासकार्यों का शुभारंभ करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने धन्यवादी दौरे के तहत बास, भठेड़ा व भोतवास अहीर गांवों में भी ग्रामीणों से संवाद किया। अनिल यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, सामुदायिक भवन और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकतानुसार विकास कार्य करवाए जाएंगे।

# आरपीएस ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले होनहार छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल में मंगलवार को श्रेयोत्सव अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों को पगड़ी व फूल मालाएं पहनाकर खुली जीप में ढोल नगाड़ों के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इस दौरान छात्रों पर पुष्प वर्षा तथा करतल ध्वनियों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सीईओ ईंजी. मनीष राव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष आरपीएस रेवाड़ी में सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस मेडिकल में यश पुत्र योगेश कुमार 96.40 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे हैं। नॉन मेडिकल में वन्या पुत्री राजेश कुमार यादव 98.40 प्रतिशत के साथ अव्वल रही।




रेवाड़ी। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पॉलिटेक्निक दाखिलों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जारी




रेवाड़ी। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों धामलावास एवं लिसाना में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। शहीद सुखबीर सिंह यादव राजकीय पॉलिटेक्निक धामलावास के प्राचार्य विजय सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संस्थान में निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश संबंधी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शनिवार सहित सभी कार्य दिवसों में यह सुविधा जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अब तक 300 से अधिक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका हैसे अपील की कि अंतिम समय की भीड़ और तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए समय रहते अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा कर लें।

**सौगात** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से किया उद्घाटन

### सिविल अस्पताल में अमृत फार्मेसी और परिवार क्लीनिक शुरू

# जिला अस्पतालों में डायलिसिस, सीटी स्कैन एवं एमआरआई की मिल रही सुविधाएं : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 105 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रहीं। लोक निर्माण विश्रामगृह सभागार में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा वर्चुअली शामिल हुईं, जबकि सरकार की ओर से बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली समारोह में उपस्थित रहे। इस दौरान सिविल अस्पताल में अमृत फार्मेसी और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक का लोकार्पण किया गया।

समारोह में एडीसी राहुल मोदी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया सहित कई अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में डायलिसिस, सीटी स्कैन, एमआरआई और आधुनिक लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि लोगों को अपने ही जिले में बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से आंकी जाती है और हरियाणा इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महिलाओं की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अलग क्लीनिक की व्यवस्था एक सराहनीय पहल है। महिलाओं की नियुक्ति करना जरूरी बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक में पंजीकरण, लैब और सुरक्षा सहित विभिन्न सेवाओं के लिए महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए।



रेवाड़ी। सीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते हुए भाजपा नेता।

#### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, सचिव दिनेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी जतिन अरनेजा, जिला कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, योगेश बंटी, पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक अमित पंवार, डिप्टी सीएमओ डा. दीपक वर्मा, डा. विनीत तथा एसएमओ डा. विक्रम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर केंद्रित होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ उपमंडल और ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष योग कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर आधारित होगा। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ बैठक कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि योग दिवस कार्यक्रमों को जनआंदोलन के रूप में आयोजित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुडकर स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। योग दिवस से जोड़ें सामाजिक संस्थाओं को डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतों और सामाजिक संस्थाओं को भी योग दिवस कार्यक्रमों से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय के साथ-साथ कोसली और बावल उपमंडल एवं ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है। मुख्य कार्यक्रम से पहले जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण शिविर लगेंगे।



रेवाड़ी। अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने जुड्डी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर बीते 16 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने जुड्डी निवासी महाबीर, अमित और प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई थी। कैंटर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने 26 मई को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में राजस्थान के गोकलपुर निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे।

### बस चालक मनमाने तरीके से लगा रहे ब्रेक, माजरा गांव के समीप हो चुका बड़ा हादसा

# नेशनल हाईवे पर अवैध स्टॉप, हादसों को खुला निमंत्रण, कार्रवाई करने वाला कोई नहीं

मेन हाइवे पर वाहनों को रोककर सवारियां बैठाना ट्रैफिक नियमों की अवहेलना होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नेशनल हाइवे पर हादसों को टालने के लिए सर्विस रोड पर बस स्टॉप निर्धारित किए हुए हैं। इसके बावजूद प्राइवेट बस चालक मेन हाइवे पर बसों को रोककर सवारियां बैठाते हैं, जिससे हादसा होने की आशंका बनी रहती है। बीते दिनों माजरा के समीप इसी तरह से हादसा हो चुका है। ऐसे बस चालकों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर पड़ने वाले गांवों के बस स्टॉप सर्विस रोड पर बनाए हुए हैं। मेन हाइवे पर वाहनों को रोककर सवारियां बैठाना ट्रैफिक नियमों की अवहेलना होता है। नेशनल हाइवे पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है। ऐसे में किसी वाहन के अचानक ब्रेक लगाने ही पीछे चल रहा वाहन उससे टकरा सकता है। इस नेशनल हाइवे पर कुछ दिन पूर्व ही एक प्राइवेट बस चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा ट्रक बस में घुस गया था, जिससे बड़ा हादसा हो गया था। हादसे के बाद भी बस चालकों ने कोई सबक नहीं लिया। कुंड से रेवाड़ी के बीच ही बस चालकों ने सात स्थानों पर स्टॉप बनाए हुए हैं। बस चालक अचानक सवारियां देखकर वाहन के ब्रेक लगाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बसों के साथ-साथ दूसरे प्राइवेट वाहन भी सवारियां बैठाने के लिए अचानक ब्रेक लगाते हैं। यह वाहन दूसरे वाहनों के लिए लगातार खतरा बना हुए हैं, लेकिन इन पर कोई विभाग रोक नहीं लगा पा रहा है।


रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाईवे पर बस रोककर सवारी बैठाता बस चालक। फोटो : हरिभूमि

#### मौका मिलते ही किए जा रहे चालान


प्राइवेट बसों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार आरटीए स्टाफ के हाथ में है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से ऐसे वाहनों के चालान तो किए जाते हैं, परंतु उन्हें सर्विस रोड पर बने बस स्टॉप से निकालने की जिम्मेदारी आरओए स्टाफ की ही होती है। हाइवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों पर शिकंजा कस दिया गया है।
-**पवन कुमार**, डीएसपी ट्रैफिक।

#### प्राइवेट बस चालक सर्विस रोड का इस्तेमाल नहीं कर रहे

परिवहन विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बस सुविधा मुहैया कराने के लिए लगभग सभी गांवों में बस स्टॉप निर्धारित किए हुए हैं। रोडवेज चालक बसों को सर्विस रोड से स्टॉप तक ले जाते हैं। इसके विपरीत प्राइवेट बस चालक सर्विस रोड का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। वह मेन हाइवे पर सवारी के इशारा करते ही ब्रेक लगाकर उन्हें बैठाते हैं।

#### हाईवे से वाहन पकड़ने का शौक

जल्द गंतव्य तक पहुंचने के लिए यात्री भी स्टॉप पर वाहन का इंतजार करने की बजाय मेन हाइवे पर खड़े हो जाते हैं। हाइवे से वाहन तेज रफ्तार से निकलते हैं, जिस कारण बड़ी संख्या में लोग प्राइवेट वाहनों का इस्तेमाल करना ही पसंद करते हैं। हाइवे पर खड़े यात्री तेज वाहन की चपेट में आकर शिकार हो सकते हैं, परंतु जल्द पहुंचने के चक्कर में वह ऐसा करते हैं।

#### डंपरों पर लगाई पुलिस ने लगाम

इस नेशनल हाइवे पर काठूवास टोल प्लाजा के पास बड़ी संख्या में डंपरों का जमावड़ा लगा रहता था। टोल प्लाजा के पास टैफिक पुलिस ने नियमित रूप से कर्मचारी तैनात कर दिए हैं, जिससे इन डंपरों के कारण होने वाले हादसों की आशंका कम हो गई है। पुलिस की सक्रियता के कारण ढाबों के आसपास सड़क पर भी वाहन अब नजर नहीं आते।


रेवाड़ी। अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सतीश खोला।

## पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला लगातार आमजन की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. खोला प्रतिदिन अपने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए उनका समाधान करवाने का कार्य कर रहे हैं।

उनके कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न समस्याओं और सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के लिए पहुंच रहे हैं। यहां परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, बीपीएल सुविधाएं, छात्रवृत्ति योजनाएं सहित अन्य सरकारी सेवाओं के संबंध में लोगों को जानकारी और सहायता प्रदान की जा रही है। डॉ. सतीश खोला ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के माध्यम से पहुंचे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाता है और उसके त्वरित समाधान का प्रयास किया जाता है।

#### लोगों के लिए की विशेष व्यवस्था

उन्होंने कहा कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए उनके कार्यालय में विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता मिल सके।

#### 1 लाख 35 हजार से अधिक नागरिक लाभ प्राप्त कर चुके

डॉ. खोला ने बताया कि अब तक एक लाख 35 हजार से अधिक नागरिक उनके कार्यालय के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनका कार्यालय प्रभावी भूमिका निभा रहा है।


रेवाड़ी। पुल निर्माण के बाद टूटी सड़क के गड्ढे में एकत्रित पानी व सड़क पर पड़ी मिट्टी।

## पुल निर्माण के बाद ठेकेदार ने नहीं ली सड़क की सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

मंदोला रोड पर हाल ही में बनाए गए नहरी पुल के आसपास की सड़क को ठेकेदार ने अभी तक ठीक नहीं कराया है, जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सड़क की हालात ठीक कराने की मांग की है। विजय कुमार, युवराज, प्रविंद्र यादव, अनिल, प्रेम प्रकाश व दीनदयाल आदि ने बताया कि डहीना-मंदोला मार्ग पर पंप हाउस के पास नहर विभाग ने पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनवाया है। पुल निर्माण के समय रास्ता बंद करने के लिए सड़क पर मिट्टी डाली गई थी। पुल के पास की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। अब पुल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन ठेकेदार ने टूटी सड़क को ठीक नहीं कराया है। सड़क से मिट्टी तक नहीं उठाई गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### हादसों की आशंका बढ़ रही

ग्रामीणों ने बताया कि टूटी सड़क और सड़क पर मिट्टी के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। बारिश होने के बाद टूटी सड़क के गड्ढे में पानी एकत्रित हो जाता है, दुपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर घायल भी हो चुके हैं। सड़क को ठीक कराने और मिट्टी हटवाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, ठेकेदार पुल निर्माण कराने के बाद इस कार्य को नहीं कर रहा है। प्रशासन से समस्या के जल्द समाधान की मांग की है।

## अरावली की पहाड़ियों में डाला जा रहा कचरा डंपिंग यार्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे लोग

- खोल की घाटी में पेड़ों के बीच लग रहे कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अरावली वन क्षेत्र में खोल की घाटी में भारी मात्रा में कचरा डाला जा रहा है। लोगों ने इस वन क्षेत्र को डंपिंग यार्ड की तरह यूज करना शुरू किया हुआ है, जिससे पेडों के बीच कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वन विभाग की ओर से इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शादी व दूसरे समारोह में लोग प्लास्टिक व थर्मोकॉल से बने बर्तनों का इस्तेमाल करते हैं। यूज करने के बाद डिस्पोजल आइटम ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर खोल के आसपास पहाड़ों में खड़े वनों के बीच डाले जा रहे हैं। इससे पेड़ों के बीच भारी मात्रा में कचरा एकत्रित हो गया है। यह कचरा पेड़ों के लिए खतरनाक साबित होता है। कई बार कचरा ज्यादा होने पर उसमें आग लगा दी जाती है, जिससे पेड़ भी सूख जाते हैं। आसपास के कई गांवों के लोग इस स्थान को डंपिंग यार्ड की तरह यूज कर रहे हैं। कचरा रात के समय डाले जाने के कारण ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है। यह कचरा अरावली वन क्षेत्र का माहौल भी प्रदूषित कर रहा है।


अरावली वन क्षेत्र में डाला जा रहा कचरा।

#### विभाग रख रहा ऐसे लोगों पर नजर

वन रेंज अधिकारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि अरावली वन क्षेत्र में कचरा डालना गैर कानूनी है। रात के समय कचरा डालने वाले लोगों को पकड़ना आसान नहीं होता। दिन में वन क्षेत्र में विभाग की टीम नियमित रूप से पेट्रोलिंग करती हैं। पूर्व में कुछ लोगों के चालान भी किए गए हैं। पेट्रोलिंग को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। विभाग रख रहा नजर है।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल, सैकड़ों पौधों का रोपण व संरक्षण किया

**रेवाड़ी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व मुख्याध्यापक एवं वरिष्ठ योग शिक्षक समय सिंह के नेतृत्व में जय गुरुदेव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के बाहर व्यापक पौधरोपण एवं संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आम, चीकू, जामुन, अंजीर, बेलगिरी, इमली और शहतूत सहित विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए हैं। इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी अभियान में कैप्टन जगरूप सिंह, प्राचार्य अजीत सिंह, इंस्पेक्टर हरि प्रकाश, पूर्व मुख्याध्यापक रामकिशन, बाबू भूपेंद्र सिंह, मुख्याध्यापिका कमलेश देवी, पूनम देवी, जयश्री एवं दक्षता सहित अनेक समाजसेवी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। विशेष बात यह है कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। टीम द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर ट्री गार्ड तैयार किए गए हैं तथा पौधों को नियमित रूप से पानी देकर उनकी देखभाल की जा रही है। यही कारण है कि लगाए गए पौधे तेजी से विकसित हो रहे हैं और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वरिष्ठ योग शिक्षक समय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव जीवन की आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण और घटती हरियाली को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।


रेवाड़ी। फलदार पौधे लगाते हुए प्रबुद्ध लोग। फोटो : हरिभूमि

## शिकायत निवारण के बाद पोर्टल पर एटीआर अपलोड करें अधिकारी

- संबंधित अधिकारी लंबित शिकायतों का अधिकारी शीघ्र निपटान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगराधीश जितेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निवारण उपरांत पोर्टल पर एटीआर अवश्य अपलोड की जाएं। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीटीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि लंबित शिकायतें ज्यादातार पंचायत व राजस्व विभाग से संबंधित है। संबंधित अधिकारी इन सभी लंबित शिकायतों का अधिकारी शीघ्र निपटान करें और समाधान करने उपरांत एटीआर के साथ पोर्टल पर भी अपडेट करें। नगराधीश ने कहा कि संयुक्त विभागों की शिकायतों का समाधान आपसी तालमेल के साथ करते हुए कार्यवाही करें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान उच्च स्तर पर किया जाना है, ऐसी शिकायतों का उच्च अधिकारियों के साथ फॉलोअप करते हुए संबंधित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए सीटीएम। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षकों के लंबित तबादले जल्द किए जाएं: मनोज मसानी

**रेवाड़ी।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान मनोज मसानी ने सरकार से मांग की है कि कई वर्षों से लंबित पड़े शिक्षकों के तबादले जल्द प्रभाव से किए जाएं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से तबादले नहीं होने के कारण शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मनोज मसानी ने कहा कि प्रदेश के कई विद्यालयों में केवल एक या दो अध्यापक ही कार्यरत हैं, कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या आवश्यकता से अधिक है। शिक्षकों के असंतुलित वितरण के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शैक्षणिक कार्यों में भी बाधा आ रही है। नवंबर 2025 में मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में तबादला प्रक्रिया शुरू होने के बाद वर्षों से घर से दूर कार्यरत कर्मचारी काफी उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन कुछ विसंगतियों के कारण यह मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में पहुंच गया, जिससे तबादलों की प्रक्रिया प्रभावित हुई और कर्मचारियों की उम्मीदों को झटका लगा।


हसला प्रधान मनोज मसानी

#### प्रशासनिक कार्य पूरा करने में परेशानी

शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए लंबित तबादलों की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए, ताकि विद्यालयों में शिक्षकों का संतुलित वितरण सुनिश्चित हो सके और शिक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**कार्यक्रम** जैन पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक परंपरा से चुनी गई छात्र परिषद का अलंकरण समारोह मनाया

# अलंकरण समारोह में नतांश बने हेड ब्वाय काशवी हेड गर्ल अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक परंपरा से चुनी गई छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर जहां छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई, वहीं पूर्व छात्र संगठन के निर्वाचित पदाधिकारियों को भी शपथ दिलाई गई। नतांश ने हेड ब्वाय एवं काशवी ने हेड गर्ल के रूप में शपथ ली। मुख्य अतिथि सहित प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छात्र परिषद् से जुड़े विद्यार्थियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मीडिया एवं कार्यक्रम प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस संतोष जैन ऑडिटोरियम आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम से की गई। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने सभी का शाब्दिक अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि एवं गुरूग्राम आरपीएफसी कमीशनर आईएएश डॉ. अर्चना जानू ने छात्र परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद के उत्तरदायित्व से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं कार्यकुशलता का विकास होता है। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उप प्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन ने विभिन्न विभागों के सचिवों एवं सदन के कैप्टन व वाइस कैप्टन को शपथ दिलाई।


रेवाड़ी। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए चीफ गेस्ट व मौजूद विद्यार्थी।



#### रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान अंकुर एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी रंगांरग प्रस्तुति से समां बांध दिया। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ शासकीय निकाय सदस्य निपुण जैन, विजय जैन, प्रद्युम्न जैन, रविंद्र जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता एवं अंकुर प्रभारी लीना मखीजा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पूर्व परिषद के हेड ब्वाय लाभांश एवं हेड गर्ल याशिका के साथ-साथ अभिभावक प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। आदिनाथ, अजितनाथ, पाशर्वनाथ एवं महावीर सदन के छात्र प्रतिनिधियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। वंशी व जाह्वी को आदिनाथ सदन का कप्तान व उप कप्तान, लविका व मंथन को अजितनाथ सदन का कप्तान व उप कप्तान, हैतन्यराज व भाविका को पार्श्वनाथ सदन का कप्तान व उप कप्तान तथा रुद्र एवं राशि को महावीर सदन का कप्तान व उप कप्तान चुना गया।